उत्तर प्रदेश बजट 2025-26

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने **20 फरवरी 2025 को** वित्त वर्ष 2025-26 के लिये **8 लाख 8 हज़ार 736 करोड़ रुपए** का बजट [विधानसभा](#) में पेश किया।

मुख्य बिंदु

- **बजट के बारें में**
  - सरकार ने बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं व बच्चों का विशेष ध्यान रखा है।
  - बजट में समाज के हर वर्ग – **गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, महिला, युवा और आम लोगों की जरूरतों** को पूरा करने का प्रयास है। यह वास्तव में जनहित का बजट है।
  - मुख्यमंत्री ने बजट को **सनातन धर्म** के **सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप** बताया है।
  - **कुल बजट:** 8,08,736 करोड़ रुपए का है, जो वित्त वर्ष **2024-25 के बजट से 9.8% अधिक** है।
  - बजट में 28 हज़ार 478 करोड 34 लाख रुपए (28,478.34 करोड़ रुपए) की नई योजनाएँ सम्मिलित की गई हैं।
  - उत्तर प्रदेश में [प्रति व्यक्ति आय](#) **93 हजार रुपए से अधिक** है।
  - [भारतीय रिज़र्व बैंक](#) की एक रिपोर्ट के अनुसार, सभी राज्यों के बीच कर प्राप्तियों (Tax Collection) में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी देश में सबसे अधिक है।
- **प्रदेश की GDP**

  - वित्त वर्ष 2017-18 में प्रदेश की जी.डी.पी. 12.89 लाख करोड़ रुपए थी, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 27.51 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है।
  - वर्ष 2023-24 में भारत [देश की जी.डी.पी.](#) की वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत थी जबकि उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है।
  - प्रदेश का [राजकोषीय घाटा](#), **सकल राज्य घरेलू उत्पाद** की 2.97 प्रतिशत है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक [FRBM अधिनियम](#) में निर्धारित 3.5 प्रतिशत की सीमा से कम है।

प्राप्तियाँ और व्यय का सारांश

विवरण	राशि (रुपए में)
कुल प्राप्तियाँ	7,79,242.65
राजस्व प्राप्तियाँ	6,62,690.93
पूँजीगत प्राप्तियाँ	1,16,551.72
कर राजस्व	5,50,172.21
- स्वयं का कर राजस्व	2,95,000
- केंद्रीय करों में राज्य का अंश	2,55,172.21
कुल व्यय	8,08,736.06
राजस्व लेखे का व्यय	5,83,174.57
पूँजी लेखे का व्यय	2,25,561.49

क्षेत्रवार विवरण

- **सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME):**
  - मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान वित्त वर्ष 2024-25 में शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षित युवाओं को स्वरोज़गार से जोड़कर नए सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना करना।
  - वित्त वर्ष 2025-26 में इस योजना हेतु 1000 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित।
  - [मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार योजना](#) हेतु 225 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित।
- **हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग:**

- हथकरघा उद्योग प्रदेश का सर्वाधिक रोज़गार उपलब्ध कराने वाला विकेंद्रीकृत कुटीर उद्योग है।
- प्रदेश में लगभग 1.91 लाख हथकरघा बुनकर एवं लगभग 80 हज़ार हाउस होल्ड हैं।
- प्रदेश में 2.58 लाख पावरलूम कार्यरत हैं जिसके माध्यम से लगभग 5.50 लाख पावरलूम बुनकर अपना जीविकोपार्जन कर रहे हैं।
- पीएम मित्र योजना के तहत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना हेतु 300 करोड़ रुपए की व्यवस्था।
- उत्तर प्रदेश वस्त्र गारमेन्टिंग पालिसी, 2022 के क्रियान्वयन हेतु 150 करोड़ रुपए की व्यवस्था।
- PM मित्र टेक्सटाइल योजना के लिये 150 करोड़ रुपए।
- वस्त्र गारमेंटिंग योजना के लिये 150 करोड़ रुपए।
- अटल बिहारी वाजपेयी पावरलूम योजना के लिये 400 करोड़ रुपए।
- डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिये 461 करोड़ रुपए का बजट।

- **अवस्थापना और विकास:** अवस्थापना विकास के लिये 22% राशि आवंटित।
  - **जल विद्युत परियोजना** के लिये 3953 करोड़ रुपए।
  - एक्सप्रेस-वे के लिये 900 करोड़ रुपए (आगरा एक्सप्रेस-वे को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ने हेतु)।
  - गंगा एक्सप्रेस-वे का विस्तार हरिद्वार तक किया जाएगा।
  - **मथुरा-वृंदावन बांकेबिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण** के लिये 100 करोड़ रुपए।
  - मुख्यमंत्री ग्राम जोड़ो योजना हेतु मध्यम श्रेणी की **इलेक्ट्रिक बसों** के क्रय हेतु 100 करोड़ रुपए तथा चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना हेतु 50 करोड़ रुपए की व्यवस्था।
  - जल जीवन मिशन **के लिये** 4500 करोड़ रुपए की व्यवस्था।
- **शिक्षा और उच्च शिक्षा:**
  - शिक्षा के लिये 13% राशि आवंटित।
  - 22 नए प्राथमिक स्कूलों के लिये 25 करोड़ रुपए।
  - पीएम श्री योजना के लिये 300 करोड़ रुपए।
  - डिजिटल लाइब्रेरी के लिये 454 करोड़ रुपए (गांवों में)।
  - पॉलिटेक्निक स्मार्ट क्लास रूम के लिये 10 करोड़ रुपए।
  - हायर एजुकेशन में छात्राओं को लाभ मिलेगा, स्कूटी योजना के तहत मेधावी छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी।
  - गुरु गोरक्षनाथ आयुष विश्वविद्यालय (2025 में पूरा होगा)।
  - बलिया और बलरामपुर में राजकीय मेडिकल कॉलेज की घोषणा।
- **कृषि और ग्रामीण विकास:**
  - कृषि और संबद्ध सेवाओं के लिये 11% राशि आवंटित।
  - गाँवों में नए स्टेडियम के लिये 125 करोड़ रुपए।
  - मत्स्य संपदा योजना के लिये 195 करोड़ रुपए।
  - स्वच्छ भारत मिशन के लिये 425 करोड़ रुपए।
- **महिला एवं बाल विकास:**
  - **रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना** के लिये 400 करोड़ रुपए।।
  - पात्रता के आधार पर स्कूटी प्रदान की जाएगी।
  - निराश्रित महिला पेंशन योजना के पात्र लाभार्थियों को देय पेंशन भुगतान के लिये 2980 करोड़ रुपए की व्यवस्था।
  - मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना हेतु 700 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था।
  - कोविड के दौरान संचालित उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री **बाल सेवा योजना के** लिये 252 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित।
  - पुष्टाहार कार्यक्रम के लिये मूल्य समन्वित बाल विकास के लिये लगभग 4119 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।
  - मुख्यमंत्री सक्षम सुपोषण योजना की 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था का प्रस्ताव।
- **सामाजिक विकास और जन कल्याण:**
  - **PM आवास योजना** के लिये 4848 करोड़ रुपए।
  - 2025 में छात्रों को टैबलेट वितरण की योजना।
  - **वृद्धावस्था/किसान पेंशन योजना** के लिये (1000 रुपए प्रतिमाह पेंशन) 8105 करोड़ रुपए की व्यवस्था।
  - सभी वर्गों की पुत्रियों के विवाह हेतु अनुदान की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना हेतु 550 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित।
  - वृद्ध एवं अशक्त व्यक्तियों के लिये आवासीय गृह संचालित करने हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता प्रदान किये जाने हेतु 60 करोड़ रुपए की धनराशि प्रस्तावित।
  - अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं को पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु लगभग 6 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित।
  - प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान "पीएम- जनमन" के अन्तर्गत विशेष रूप से कमजोर जन जातीय समूहों का समग्र विकास किया जाना है।
  - अल्पसंख्यक समुदाय के विकास एवं उत्थान हेतु वित्त वर्ष 2025-26 में 1998 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था।
  - कृषकों को दुर्घटनावश मृत्यु/अनैतिकता की स्थिति में आर्थिक सहायता की मुख्यमंत्री आकस्मिकता कल्याण योजना 1050 करोड़ रुपए की व्यवस्था।
- **स्वास्थ्य:**
  - चिकित्सकीय और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिये 6% राशि आवंटित।
  - आयुष्मान कार्ड **बनाने में पूरे देश में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है।**
  - राजकीय औषधि कॉलेज की स्थापना और वाराणसी में राजकीय होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज की स्थापना।
  - **बलिया और बलरामपुर में राजकीय मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा।**
- **साइबर सुरक्षा और तकनीकी विकास:**
  - साइबर सुरक्षा के लिये 3 करोड़ रुपए।

- **'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी' की स्थापना** की घोषणा।
- **'टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्रान्सलेशन पार्क'** की स्थापना की योजना।
- **लखनऊ में AI सिटी बनाने के लिये 5 करोड़ रुपए का बजट।**
- ICT लैब और स्मार्ट सिटी की योजना
- सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की योजना

- **नगर निकाय और शहरों का विकास:.**
  - प्रत्येक नगर निकाय के लिये 2.5 करोड़ रुपए का बजट।
  - 58 नगर निकायों का विकास किया जाएगा।
  - **NCR की तरह स्टेट कैपिटल रीजन (SCR) बनेगा,** जिसमें 6 ज़िले – लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी शामिल होंगे।
- **पर्यटन और सांस्कृतिक विकास:**
  - **मथुरा-वृंदावन कॉरिडोर के लिये** 100 करोड़ रुपए।
  - अयोध्या में पर्यटन विकास के लिये 150 करोड़ रुपए।
  - चित्रकूट और मथुरा में पर्यटन विकास के लिये 125 करोड़ रुपए।
  - जन उपयोगी मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिये 30 करोड़ रुपए।
- **वन एवं पर्यावरण**
  - वर्तमान प्रदेश में वृक्षाच्छादन प्रदेश के भौगोलिक क्षेत्र का 9.96 प्रतिशत हो गया है।
  - **उत्तर प्रदेश वनावरण व वृक्षाच्छादन में वृद्धि के मामले में पूरे देश में दूसरे स्थान पर है।**
  - प्रदेश में वर्ष 2018 में बाघों की संख्या 173 से वर्ष 2022 में बाघों की संख्या 205 हो गयी है।
  - **गोरखपुर में देश का पहला गद्दि जनजाति केंद्र स्थापित किया गया।**
  - गोरखपुर में उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यौनिक विश्वविद्यालय की स्थापना होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-budget-2025-2026